NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No. 186/NCRES/2019 दिनांक 9.7.2019

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– रेलवे क्वाटरों में एक AC का प्वाइंट न दिया जाना।
संदर्भ :– एन.सी.आर.ई.एस. हेडक्वाटर पी.एन.एम. आइटम नं0 23/2016

महोदय,

NCRES को बताना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के पूरे परिक्षेत्र में ही बेहद ज्यादा गर्मी पड़ती है एवं रेल कर्मचारी रेलवे क्वाटरों में चाह कर भी कर्मचारी AC नही लगवा पा रहा है जिस कारण उसको एवं उसके परिवार को परेशानी उठानी पड़ रही है।

कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुये NCRES ने यह मुद्दा पी.एन.एम. में उठाया था। चर्चा के दौरान NCRES को अवगत कराया गया था कि टाइप III एवं टाइप IV रेल आवासो में फेज वाइज ए.सी. का प्वाइन्ट लगा दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी तय हुआ था कि यदि टाइप III आवास के लिये Entitle कर्मचारी को टाइप ।। आवास मिला हुआ है तो उसे भी ए.सी. का कनेक्शन दिया जायेगा। परन्तु खेद के साथ अवगत कराना है कि अभी तक इस आशय का आदेश नही निकाला गया है।

अतः NCRES की मांग है कि टाइप III एवं IV के आवासो में ए.सी. का प्वाइंट लगाया जाय और टाइप III आवास के लिये Entitle कर्मचारी जो टाइप II आवास में रह रहे है, उनको भी ए.सी. कनेक्शन देने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करे ताकि पी.एन.एम. फोरम में हुये निर्णय की गरिमा बनी रहे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री